# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा, 2015

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 26-07-2015)

## भाग-I : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

**1. 'आच्छादित' का उचित विच्छेद निम्न मे से कौन-सा है?**

(a) आत् + छादित (b) आक् + छादित

(c) आ + छादित (d) आच् + छादित

**Ans : (c)** आच्छादित = 'आ + छादित'
यह एक व्यंजन संधि है – किसी भी ह्रस्व स्वर या 'आ' का मेल 'छ' से होने पर 'छ' से पहले 'च' जोड़ दिया जाता है।
जैसे– स्व + छंद = स्वच्छंद, परि + छेद = परिच्छेद
अनु + छेद = अनुच्छेद, वि + छेद = विच्छेद

**2. 'शक्ति' को 'सकती' कहना किस प्रकार के उच्चारण दोष का उदाहरण है?**

(a) स्वरलोप (b) स्वरभक्ति

(c) स्वरागम (d) स्वरभंग

**Ans : (b)** ''शक्ति'' को ''सकती'' कहना स्वर भक्ति उच्चारण दोष का उदाहरण है।

**3. निम्न में से महाप्राण व्यंजन है–**

(a) प (b) ज (c) घ (d) व

**Ans : (c)** महाप्राण व्यंजन-जिन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से अधिक हवा निकले तथा जिन व्यंजनों के उच्चारण में हकार की ध्वनि विशेष रूप से सुनाई दे (प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा' व्यंजन) महाप्राण व्यंजन कहते हैं।
जैसे - ख, घ, छ, झ, ठ, ढ आदि
अतः ''घ'' महाप्राण व्यंजन होगा।

**4. 'पढ़ रहा था' इसमें कौन -सी क्रिया है?**

(a) संयुक्त क्रिया (b) सामान्य क्रिया

(c) पूर्वाकालिक क्रिया (d) असामान्य क्रिया

**Ans : (a)** ``पढ़ रहा था''--इसमें संयुक्त क्रिया है। जब कोई क्रिया दो क्रियाओं के संयोग से निर्मित हो तो उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। जैसे - वह खाने लगा। वह पेड़ से **कूद पड़ा**।

**5. पितृ + अनुमति का सही संधिपद है–**

(a) पित्रानुमति (b) पित्रीनुमति

(c) पित्रनुमति (d) पित्रानूमति

**Ans : (c)** पितृ + अनुमति = पित्रनुमति
**यण संधि** | ऋ + अ = र |
यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद भिन्न स्वर आये तो इ और ई का **''या''** उ और ऊ का **''व''** तथा ऋ का **'र'** हो जाता है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 8): निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों के लिए सही विकल्प चुनें।**

**6. दूध**

(a) स्तन्य (b) खीर

(c) पेय (d) नवनीत

**Ans : (a)** शब्द दूध → दुग्ध पय, क्षीर, अमृत, स्तन्य है
पेय → पीना, पिपासा, प्यास तृष्णा, तृषा है।
नवनीत → मक्खन की पर्यावाची है।

**7. प्रेक्षा**

(a) दीक्षा (b) परीक्षा

(c) शिक्षा (d) दृष्टि

**Ans : (d)** 'प्रेक्षा' का पर्यायवाची शब्द 'दृष्टि' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - नेत्र, नयन, लोचन, दृग, आँख आदि।

**8. विरासत**

(a) देय (b) प्रदेय

(c) दाय (d) धाय

**Ans : (c)** 'विरासत' का पर्यायवाची शब्द 'दाय' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - न्यास, धरोहर आदि।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 9 से 12) : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनें।**

**9. 1. होलोग्राफी एक विशेष**

(य) यह साधारण फोटोग्राफी से बिलकुल
(र) आवश्यकता नहीं पड़ती है, इसलिए इसे
(ल) भिन्न है। इस फोटोग्राफी में किसी कैमरे की
(व) प्रकार की फोटोग्राफी है।

**6. लेंसलेस फोटोग्राफी भी कहते हैं।**

(a) र य ल व (b) य र ल व

(c) ल य र व (d) व य ल र

**Ans : (d)** 1. होलोग्राफी एक विशेष
(व) प्रकार की फोटोग्राफी है।
(य) यह साधारण फोटोग्राफी से बिल्कुल
(ल) भिन्न है। इस फोटोग्राफी में किसी कैमरे की
(र) आवश्यकता नहीं पड़ती है, इसलिए इसे
6. लेंसलेस फोटोग्राफी भी कहते हैं।
क्रम → व, य, ल, र

**10. 1. भाषा जब**

(य) प्रशासनिक भाषा बन जाती है
(र) साहित्यिक रूप लेने के बाद
(ल) सम्पर्क भाषा से
(व) तो उसका उत्तरदायित्व

**6. बहुत बढ़ जाता है।**

(a) र य व ल (b) ल य र व

(c) ल र य व (d) र व ल य

**Ans : (c)** भाषा जब
(ल) सम्पर्क भाषा से
(र) साहित्यिक रूप लेने के बाद
(य) प्रशासनिक भाषा बन जाती है
(व) तो उसका उत्तरदायित्व
2. बहुत बढ़ जाता है।
क्रम→ ल, र, य, व

**11. 1. अवकाश के समय की गतिविधियाँ**
(य) सामाजिक परिवर्तन की
(र) को दूर करने का प्रयत्न करते हैं
(ल) सूचक होती हैं जिसके जरिए
(व) हम तनावों, निराशाओं आदि
**6. और मनोरंजन के साथ रचनात्मक कार्य भी करते हैं।**
(a) ल य र व (b) र ल व य
(c) ल र व य (d) य ल व र

**Ans : (d)** अवकाश के समय की गतिविधियाँ
(य) सामाजिक परिवर्तन की
(ल) सूचक होती है जिसके जरिये
(व) हम तनावों, निराशाओं आदि
(र) को दूर करने का प्रयत्न करते है।
6. और मनोरंजन के साथ रचनात्मक कार्य भी करते हैं।
क्रम → य, ल, व, र

**12. 1. मजदूरों की बस्तियों में**
(य) वहाँ के बेकार रहने वाले व्यक्तियों के
(र) व्यक्तियों के अपेक्षाकृत अनजान होने से
(ल) और कल्याणकारी कार्यकलापों के न होने से
(व) तथा मनोरंजन, शिक्षा आदि की सुविधाओं
**6. बिगड़ने की संभावना रहती है।**
(a) र व ल य (b) य ल र व
(c) व ल य र (d) ल र व य

**Ans : (a)** 1. मजदूरों की बस्तियों में
(र) व्यक्तियों के अपेक्षाकृत अनजान होने से
(व) तथा मनोरंजन, शिक्षा, आदि की सुविधाओं
(ल) और कल्याणकारी कार्यकलापों के न होने से
(य) वहाँ के बेकार रहने वाले व्यक्तियों के
6. बिगड़ने की सम्भावना रहती है।
क्रम–र, व, ल, य

**निर्देश (प्रश्न संख्या 13 से 16) : निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर सम्बद्ध वैकल्पिक उत्तरों में से सहीं उत्तर का चयन कर उसे चिह्नित करें।**

मैथिलीशरण गुप्त गाँधी-युग के प्रतिनिधि कवि हैं-अपने जीवन के प्रौढ़काल में ही वे इस गौरव के अधिकारी हो गए थे। गाँधी-युग का प्रतिनिधित्व एक सीमा तक सम्पूर्ण आधुनिक काल का प्रतिनिधित्व भी माना जा सकता है। गाँधी -युग की प्रायः समस्त मूल प्रवृत्तियाँ-राष्ट्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक आन्दोलन गुप्तजी के काव्य में प्रतिफलित हैं। यह प्रतिफलन प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी। कुछ रचनाओं में युग-जीवन का स्वर मुखर है और उनमें वातावरण की हलचल का प्रत्यक्ष चित्रण किया गया है। इनमें कवि राष्ट्रकवि के दायित्व का भी पालन करता है। कुछ अन्य रचनाओं में युग-चेतन अत्यन्त प्रखर है, परन्तु वह प्रच्छन्न है। गुप्तजी के संस्कार मूलतः सामन्तीय थे और उनके घर का वातावरण वैष्णव था, तथापि वे समय के साथ चलने का निरन्तर प्रयत्न करते थे तथा देश के विभिन्न आन्दोलनों को समझने का भी प्रयत्न करते थे। उनकी प्रतिक्रिया प्रायः प्रखर और प्रबल होती थी। गाँधी-युग की समस्याओं का चित्रण प्रेमचन्द ने भी किया और अपने ढंग से प्रसाद ने भी। प्रेमचन्द की दृष्टि बहिर्मुखी थी, उनकी चेतना सामाजिक-राजनीतिक थी। प्रसाद की दृष्टि अन्तर्मुखी थी और उनकी चेतना एकान्त रूप में सांस्कृतिक थी। गाँधी-युग की प्रायः सभी प्रमुख समस्याओं को उन्होंने ग्रहण किया, परन्तु उनके बहिरंग में उनकी रुचि नहीं थी। अपने नाटकों में प्रसाद ने उन्हें पूर्णतः सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत किया है और कामायनी में आध्यात्मिक धरातल पर। अपने उपन्यासों में प्रसाद उन्हें राजनीतिक-सामाजिक धरातल पर ग्रहण करते हैं, परन्तु शीघ्र ही उनके बहिरंग रूपों को भेदकर उनमें निहित सांस्कृतिक तत्वों का चित्रण भी करने लगते हैं। गुप्तजी की स्थिति मध्यवर्ती है, उनका दृष्टिकोण राष्ट्रीय संस्कृति है। उनमें न तो प्रेमचन्द के समान व्यावहारिकता का आग्रह है और न प्रसाद की तरह दार्शनिकता का। उनमें सगुण तत्व अधिक है। प्रेमचन्द में धर्म-भावना का अभाव है, तो प्रसाद में लोक-भावना का। गुप्तजी में लोक-चेतना का प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत अधिक मिलता है।

**13. सही वक्तव्य कौन-सा है?**
(a) गुप्तजी के संस्कार सामन्तीय थे
(b) प्रसाद के घर का वातावरण वैष्णव था
(c) धार्मिक आन्दोलन गाँधी-युग की प्रवृत्ति थी
(d) प्रेमचन्द्र में युग-चेतना अत्यन्त प्रखर है।

**Ans : (a)** गुप्तजी के संस्कार मूलतः सामन्तीय थे, और उनके घर का वातावरण वैष्णव था।

**14. निम्न में कौन-सा वक्तव्य सही नहीं है?**
(a) गुप्तजी राष्ट्रकवि के दायित्वबोध से ओतप्रोत हैं
(b) गुप्तजी में निर्गुण तत्व अधिक है
(c) गुप्तजी आधुनिक काल के प्रतिनिधि कवि हैं
(d) प्रसाद के नाटक में गाँधीयुगीन समस्या है

**Ans : (b)** गुप्त जी में सगुण तत्व अधिक थे। अतः (b) गलत है।

**15. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है–**
(a) आधुनिक हिन्दी दर्शन
(b) गाँधी-युग की काव्य-चेतना
(c) प्रेमचन्द का साहित्य
(d) मैथिलीशरण गुप्त का काव्य

**Ans : (d)** इस गद्यांश में मैथलीशरण गुप्त के काव्यों, उनके रहन-सहन, विचारधारा आदि का वर्णन है अतः ''मैथलीशरण गुप्त का काव्य'' उपयुक्त शीर्षक होगा।

**16. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं हैं?**
(a) जन-काव्य (b) प्रच्छन्न
(c) बहिरंग (d) लोक-चेतना

**Ans : (a)** गद्यांश में जन काव्य शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। जबकि प्रच्छन्न बहिरंग, तथा लोक चेतना शब्द का प्रयोग किया गया है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 17 से 20): निम्नलिखित वाक्यों में कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। त्रुटि वाले वाक्य को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c), पर चिह्न लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हों, तो (d) पर चिह्न लगाएँ।**

17. (a) कुछ उसके प्राप्त करने में दाव-पेंच लगा रहे हैं।
(b) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अधिकतर लोग ऐसे ही हैं।

(c) जिनमें कुछ सुख-सम्पन्नता भोगने और उसका लाभ उठाने में मग्न हैं।
(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (a)** 'कुछ उसके प्राप्त करने में दाव-पेंच लगा रहे हैं।' वाक्य त्रुटिपूर्ण है। इस वाक्य में 'उसके' के स्थान पर 'उसको' होना चाहिए।

**18.** (a) मनुष्य की अनुभूतियों का प्राकृतिक रूप पशु प्रवृत्तियों से अभिन्न है।
(b) शिक्षा मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।
(c) मनुष्य संसार में अपनी स्वाभाविक और प्राकृतिक विशेषताओं सहित उत्पन्न होता है।
(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (d)** कोई त्रुटि नहीं।

**19.** (a) लिपि के माध्यम से भाषा के उच्चारण तत्वों को समझना आवश्यक हो जाता है।
(b) भाषा का उच्चरित रूप भाषा का वास्तविक रूप है।
(c) लिखित भाषा उच्चरित भाषा के सभी तत्वों को दिखाती है।
(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (c)** 'लिखित भाषा उच्चारित भाषा के सभी तत्वों को दिखाती है।' वाक्य त्रुटिपूर्ण है। यहां दिखाती शब्द के स्थान पर 'दर्शाती' शब्द का प्रयोग होना चाहिए।

**20.** (a) परीक्षा के एकमात्र चार ही दिन बचे हैं।
(b) परीक्षा के केवल चार दिन बचे हैं।
(c) परीक्षा के एकमात्र चार दिन बचे हैं।
(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (b)** परीक्षा में केवल चार दिन बचे है।
में के स्थान पर के लिखा है अतः (b) गलत है।

**21. आचार्य शुक्ल के अनुसार छायावाद के प्रथम व प्रतिनिधि कवि हैं-**
(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) सूर्यकान्त त्रिपाठी
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

**Ans : (d)** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार ''छायावाद'' के 'प्रथम' व 'प्रतिनिधि' कवि सुमित्रानंदन पंत है।

**22. निम्नलिखित निबन्ध को निबन्धकार के साथ मिलाएँ:**
A. पगडंडियों का जमाना 1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B. रसात्मक बोध के विविध रूप 2. गुलाब राय
C. मेरे राम का मुकुट भीग रहा है 3. विद्यानिवास मिश्र
D. विवाह योग 4. कुबेरनाथ राय

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**Ans : (d)**

| निबंध | | निबंधाकार |
|---|---|---|
| पगडंडियों का जमाना | – | कुबेर नाथ राय |
| 'रसात्मक बोध के विविध रूप | – | आचार्य रामचन्द्र शुक्ल |
| 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है | – | विद्यानिवास मिश्र |
| विवाह योग | – | गुलाब राय |

**23. भारतीवृत्ति का सम्बन्ध किस रस से है?**
(a) वीर (b) बीभत्स
(c) अद्‌भुत (d) हास्य

**Ans : (c)** 'भारतीवृत्ति' का सम्बन्ध 'अद्‌भुत' रस से है।

**24. जहाँ बिना कारण के कार्य का होना पाया जाए, वह कौन-सा अलंकार होता है?**
(a) विरोधाभास (b) विभावना
(c) वक्रोक्ति (d) विशेषोक्ति

**Ans : (b)**''जहाँ बिना कारण के कार्य का होना पाया जाएँ, वहां विभावना अलंकार होगा–
**उदाहरण–**
''बिनु पद चलै, सुनै बिनु काना।
कर बिनु करम करै विधि नाना।'' (तुलसी)

**25. रससूत्र के जनक माने जाते हैं-**
(a) भरतमुनि (b) अभिनवगुप्त
(c) तुलसीदास (d) भट्टनायक

**Ans : (a)** रससूत्र के जनक ''भरतमुनि'' को माना जाता है।
इनके अनसार रसों की संख्या 8 है।
जबकि काव्य में रसों की संख्या 9 है।
''शृंगार रस'' को सर्वश्रेष्ठ रस माना जाता है।

**26. ''संतौ भाई आई ग्यान की आँधी रे''-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**
(a) उपमा (b) अन्योक्ति
(c) रूपक (d) अतिशयोक्ति

**Ans : (c)** ''संतौ-भाई आई ग्यान की आँधी रे''–पंक्ति में रुपक अलंकार है।
जहाँ गुण की अत्यंत समानता के कारण उपमेय में ही उपमान का अभेद आरोप कर दिया हो, वहाँ रूपक अलंकार होता है।
उदाहरण– ''संतों भाई आई ज्ञान की आंधी रे''
''मैया मैं तो चन्द्र खिलौना लै हों।।

**27. साधारणीकरण और व्यक्ति वैचित्र्यवाद' निबन्ध के लेखक हैं–**
(a) आचार्य शुक्ल (b) डॉ. नगेन्द्र
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) महावीर प्रसाद

**Ans : (b)** साधारणीकरण और व्यक्ति वैचित्र्यवाद' निबन्ध के लेखक डॉ. नगेन्द्र है। इनके अन्य निबन्ध यौवन के द्वार पर, आस्था के चरण, चेतना के बिम्ब तथा छायावाद की परिभाषा है।

**28. छायावाद को प्रतिबिम्बवाद किसने कहा?**
(a) नन्ददुलारे वाजपेयी (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) रामविलास शर्मा (d) हजारी प्रसाद

**Ans : (c)** छायावाद को प्रतिबिम्बवाद रामविलास शर्मा ने कहा है।
- छायावाद में कविता करने का उद्देश्य 'स्वान्तः सुखाय' है छायावाद में वैक्तिक भावना प्रबल है।
- छायावाद में अतिशय कल्पनाशीलता है।
राम विलास शर्मा की प्रमुख (आलोचना) कृतियाँ है–भाषा का विकास परंपरा, भाषा और समाज, महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नव जागरण आदि।

**29. ''स्वर्ग बनाया है जो मैंने उसे न विकल बनाओ, अरी अप्सरे! उस अतीत के नूतन गान सुनाओ।''**
**यह पंक्ति 'कामायनी' ने किस सर्ग से ली गई है?**
(a) कर्मसर्ग (b) श्रद्धासर्ग
(c) आनन्दसर्ग (d) वियोगसर्ग

Ans : (a) उपर्युक्त दी हुई पंक्ति 'कामायनी' के 'कर्म सर्ग' से ली गयी है। कामायनी के रचयिता जयशंकर प्रसाद थे। जयशंकर प्रसाद छायावाद युग के कवि है। इनके प्रमुख उपन्यास–कंकाल, तितली, इरावती (अधूरा) हैं तथा प्रमुख नाटक–करूणालय, सज्जन, कामना, विशाख, कल्याणी परिणय, आजातशत्रु, एक घूँट, प्रायश्चित, चंद्रगुप्त आदि है।

**30. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का हिन्दी साहित्य में किस विधा में प्रवेश हुआ?**

(a) अलोचना (b) कविता
(c) कहानी (d) उपन्यास

Ans : (a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का प्रवेश साहित्य के "आलोचना" विधा में हुआ।

**31. रीतिकाल को शृंगारकाल की संज्ञा किसने दी है?**

(a) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) रामकुमार वर्मा (d) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

Ans : (a) 'विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीति काल को 'शृंगार काल कहा है, जबकि रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' ने रीतिकाल को 'कलाकाल', मिश्र बन्धु ने इसे 'अलंकार काल' और हजारी प्रसाद द्विवेदी, राम कुमार वर्मा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसे 'रीतिकाल' कहा है।

**32. निम्नलिखित में से किस मुसलमान कवि की रचना 'प्रेम चिनगारी' है?**

(a) शेखनवी (b) जायसी
(c) नूर मुहम्मद (d) नजफ अली

Ans : (d) मुसलमान कवि 'नजफ अली' की रचना 'प्रेम चिनगारी' है जबकि जायसी ने 'पदमावत', नूर मुहम्मद ने 'इन्द्रावती', अनुराग बांसुरी तथा शेखनवी ने 'ज्ञानदीप' की रचना की है।

**33. "सखिन्ह सहित हरषीं अति रानी।**

**सूखत धानु पराजनु पानी।**

**इस पंक्ति में अलंकार है-**

(a) संभावना (b) विभावना
(c) उत्प्रेक्षा (d) श्लेष

Ans : (c) उक्त पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है। जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। वाचक शब्द - मनु, मानो, मनहु, जनु, जनहु, जानो, ज्यों आदि शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**34. "सौं सिवधनु मृनाल की नाईं।**

**तोरहूँ राम गणेन गोसाईं।**

**इस पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग है?**

(a) विभावना (b) वक्रोक्ति
(c) अर्थन्तरन्यास (d) उपमा

Ans : (d) उक्त पंक्ति में उपमा अलंकार है। जहाँ दो वस्तुओं में रूप, रंग, गुण या धर्म के आधार पर समानता का बोध कराया जाय, वहाँ पर उपमा अलंकार होता है।

**35. हिन्दी साहित्य में रामकाव्य के मुख्य प्रेरणास्रोत हैं**

(a) तुलसीदास (b) राघवानन्द
(c) स्वामी रामानन्द (d) नाभादास

Ans : (c) हिन्दी साहित्य में रामकाव्य के मुख्य प्रेरणा स्रोत 'स्वामी रामानन्द' है। रामानन्द का जन्म 1299 ई. में प्रयाग में हुआ था। इनके गुरु का नाम राघवानन्द था। ये राम भक्ति को साम्प्रदायिक रूप देने वाले सर्वप्रथम आचार्य थे। उन्हीं की प्रेरणा से मध्य युग तथा उसके अनन्तर काल तक राम भक्ति साहित्य की रचना हुई।

**36. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त स्वर है?**

(a) ए, ऐ, ऋ (b) अ, ए, ओ
(c) आ, ऐ, औ (d) ए, ऐ, ओ, औ

Ans : (d) ए, ऐ, ओ, औ संयुक्त स्वर है। अ + इ = ए, अ + उ = ओ, अ + ए = ऐ तथा अ + ओ = औ होगा।

**37. मानक हिन्दी का आधार क्या है?**

(a) खड़ी बोली (b) अपभ्रंश
(c) पूर्बिया हिन्दी (d) परिनिष्ठा हिन्दी

Ans : (a) मानक हिन्दी का आधार 'खड़ी बोली' है। मानक का अभिप्राय है - आदर्श, श्रेष्ठ अथवा परिनिष्ठित। भाषा का जो रूप उस भाषा के प्रयोक्ताओं के अलावा अन्य भाषा-भाषियों के लिए आदर्श होता है, जिसके माध्यम से वे उस भाषा को सीखते हैं, जिस भाषा-रूप का व्यवहार पत्राचार, सरकारी काम-काज एवं सामाजिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान में समान स्तर पर होता है वह उस भाषा का मानक रूप कहलाता है।

**38. पूर्वी हिन्दी विकसित हुई है-**

(a) पिशाची अपभ्रंश से (b) अर्धमागधी अपभ्रंश से
(c) शौरसेनी अपभ्रंश से (d) मागधी अपभ्रंश से

Ans : (b) पूर्वी हिन्दी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है। पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ हैं - अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।

**39. भारत में आर्यभाषा का आरंभ कब हुआ?**

(a) 1600 ई. पूर्व के आसपास
(b) 1500 ई. पूर्व के आसपास
(c) 1400 ई. पूर्व के आसपास
(d) 1300 ई. पूर्व के आसपास

Ans : (b) भारत में आर्य भाषा का आरम्भ 1500 ई.पू. के आसपास हुआ। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का प्रयोग लगभग 1500 ई.पू. - 500 ई.पू. तक हुआ इसके अंतर्गत वैदिक संस्कृत व लौकिक संस्कृत का विकास हुआ, मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा 500 ई.पू. - 1000 ई.पू. तक, इसके अंतर्गत पालि, प्राकृति, अपभ्रंश भाषा का विकास हुआ तथा आधुनिक भारतीय आर्य भाषा 1000 ई. - अब तक, इसके अन्तर्गत हिन्दी और हिन्दीतर भाषाओं का विकास हुआ।

**40. 'जलधि' में कौन-सा समास है?**

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

Ans : (b) 'जलधि' में तत्पुरुष समास है जिसका विग्रह होगा - 'जल को धारण किया हुआ'। इसमें कर्म तत्पुरुष समास है।


## भाग-II : सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41. निम्न शृंखला किस अक्षर-समूह से सही ढंग से पूरी होगी?**

**ac, gi, ___, su**

(a) op (b) kl
(c) lm (d) mo

**Ans : (d)**




**42.** **? के लिए निम्न का समाधान करें:**

**$4950 \div 6 + 112 \times 1.75 = ? \times 2$**

(a) 515.5 (b) 510.5
(c) 505.2 (d) 819.9

**Ans : (b)** $4950 \div 6 + \underline{112 \times 1.75} = ? \times 2$

$825 + 196 = ? \times 2 \Rightarrow 1021 = ? \times 2$

$\Rightarrow \frac{1021}{2} = ? \Rightarrow ? = 510.5$

**43.** **यदि**

(I) $10x^2-7x+1=0$ (II) $35y^2-12y+1=0$

**हो तो**

(a) $x>y$ (b) $x \geq y$
(c) $x<y$ (d) $x \leq y$

**Ans : (b)** $10x^2 - 7x + 1 = 0$

$10x^2 - 5x - 2x + 1 = 0$ गुणनखण्ड करने पर

$5x[2x-1] - 1[2x-1] = 0$

$[5x-1][2x-1] = 0$

$\Rightarrow (x = \frac{1}{2}, x = \frac{1}{5})$

$35y^2 - 12y + 1 = 0$

$35y^2 - 5y - 7y + 1 = 0$ गुणनखण्ड करने पर

$5y[7y-1] - 1[7y-1] = 0$

$[5y-1][7y-1] = 0, \Rightarrow y = \frac{1}{5}, y = \frac{1}{7}$


$x = \frac{1}{5}, \frac{1}{2}$  $y = \frac{1}{7}, \frac{1}{5}$

$x = y$ (यदि $x = \frac{1}{5}, y = \frac{1}{5}$)

$x > y$ (यदि $x = \frac{1}{2}, y = \frac{1}{7}$)

अत: $x \geq y$

**44.** **लुप्त संख्या ज्ञात करें:**




(a) 184 (b) 376
(c) 190 (d) 88

**Ans : (c)** $(4 \times 2) + 2 = 10$

$(10 \times 2) + 2 = 22$

$(22 \times 2) + 2 = 46$

$(46 \times 2) + 2 = 94$

$(94 \times 2) + 2 = 190$

**45.** **12 एकड़ के एक खेत में गेहूँ की औसत पैदावार 900 कि.ग्रा. प्रति एकड़ है। यदि प्रति एकड़ 1000 कि. ग्रा. की पैदावार वाले तीन एकड़ खेत इसमें जुड़ जाये, तो इस पूरे भू-भाग की औसत पैदावार क्या होगी?**

(a) 935 कि. ग्रा. (b) 940 कि. ग्रा.
(c) 890 कि. ग्रा. (d) 920 कि. ग्रा.

**Ans : (d)** औसत $= \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$

$= \frac{(12 \times 900) + (3 \times 1000)}{(12+3)}$

$= \frac{10800 + 3000}{15} = \frac{13800}{15} = 920$ कि.ग्रा.

**46.** **दिए गए शब्द के अक्षरों में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता ?**

**LIBERATIONIST**

(a) SIRIAL (b) LIBERAL
(c) RELATION (d) BITTERN

**Ans : (b)** LIBERAL को नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि इस शब्द में L दो बार है जबकि LIBERATIONIST में L एक ही बार है।


**47.** **जिस प्रकार 'कम खर्च', फिजूल खर्च' से सम्बद्ध है, उसी प्रकार 'कठोर (प्रचण्ड)' से क्या सम्बद्ध है?**


(a) नरम (b) नीरव
(c) शान्त (शान्तिप्रिय) (d) कोमल (मृदुल)

**Ans : (a)** 'कर्म खर्च' का विलोम 'फिजूल खर्च', 'कठोर (प्रचण्ड)' का विलोम 'नरम' होगा।

**48.** **कौन-सी उत्तर आकृत्ति प्रश्न को पूरा करेगी?**

**प्रश्न आकृति:**






(a) (b) (c) (d)

**Ans : (a)** दी गयी आकृति के अनुसार उत्तर आकृति (a) दी हुयी आकृति के रिक्त स्थान को पूरा करेगी।




**49.** **अगली आकृति कौन-सी होगी?**

**प्रश्न आकृति:**





(I) (II) (III) (IV)




(a) (b) (c) (d)


**Ans : (c)** दूसरी आकृति पहली आकृति का 'जल प्रतिबिम्ब' है अतः स्पष्ट है कि विकल्प (c) की आकृति, (III) आकृति का जल प्रतिबिम्ब होगी। जो निम्न है–




**50. कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति की दर्पण-आकृति है?**

प्रश्न आकृतिः





(a) (b) (c) (d)



**Ans :** (b) दर्पण प्रतिबिम्ब लम्बवत् अक्ष आधार पर होती है। जबकि जल प्रतिबिम्ब क्षैतिज अक्ष के आधार पर होती है।

**51. एक कमरे के दरवाजे पर खड़े हुए एक पुलिसमैन ने अपने सामने वाली दीवार पर एक घड़ी लगी देखी, अपनी दाई और वाली दीवार के साथ एक सोफा सेट पड़ा देखा तथा सोफा के सामने वाली दीवार के साथ एक टी0वी0 सेट पड़ा देखा। उसने डुबती हुई सूर्य की किरणें घड़ी पर पड़ती हुई देखी। सोफा किस दीवार के साथ पड़ा था?**

(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

**Ans : (d)** चूँकि सूर्यास्त पश्चिम दिशा में होता है, अतः स्पष्ट है कि सूर्यास्त घड़ी में तब दिखेगा जब घड़ी पूर्व की दीवार होगी। और वह व्यक्ति घड़ी के सामने खड़ा है इसलिए उसका मुख पूर्व के दिशा में होगा, सोफा उसके दाहिने हाथ है अतः सोफा दक्षिण दीवार के साथ होगा।

**52. डंडा, खंभा तथा झंडा से मिलता-जूलता कौन-सा शब्द है?**

(a) तख्ता (b) शहतीर
(c) धुरा (दंड या शाफ्ट) (d) इमारती लकड़ी

**Ans : (c)** डंडा खम्भा, तथा झंडा→ तीनों एक जैसे प्रकृति के है सामान्यतः इनकी लम्बाई मोटाई की तुलना में काफी अधिक होती है। धुरा– भी उसी प्रकृति का होता है जिसकी मोटाई कम तथा लम्बाई ज्यादा होती है।

**53. अन्य तीनों से भिन्न शब्द कौन-सा है?**

(a) वाहिनी (नलिका) (b) मार्ग (माध्यम)
(c) नाली (d) बहाव

**Ans : (d)** वाहिनी, मार्ग, नाली–तीनों पानी निकालने के लिए एक माध्यम है, जबकि बहाव वह प्रक्रिया है जिससे पानी (वाहिनी/मार्ग/नाली) से निकलता है।

**54. अन्य तीनों से भिन्न शब्द कौन-सा है?**

(a) न्यायाधीश (जज) (b) अधिवक्ता (एडवोकेट)
(c) न्यायवादी (अटार्नी) (d) वकील

**Ans : (c) न्यायवादी,** न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा वकील से भिन्न है।

**निर्देश (प्र. सं. 55 तथा 56): निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए दी गई सूचनाओं का प्रयोग करें।**

वेतन, बोनस, साख, बिजली, यात्रा, सम्मेलन एवं नियुक्ति की कुल सात फाइलें एक-दूसरे के ऊपर किसी विशेष क्रम में रखी हैं। नियुक्ति की फाइल, वेतन की फाइल के ठीक नीचे है। साख और वेतन की फाइलों के बीच दो फाइलें हैं। बोनस की फाइल, वेतन की फाइल के ठीक ऊपर तथा बिजली की फाइल, नियुक्ति की फाइल के नीचे है। यात्रा की फाइल न तो सबसे ऊपर है न ही सबसे नीचे।

**55. वेतन की फाइल के ठीक ऊपर कौन-सी फाइलें हैं?**

(a) वेतन, नियुक्ति, बिजली (b) बोनस, यात्रा, नियुक्ति
(c) यात्रा, साख, बिजली (d) बोनस, यात्रा, साख

**Ans : (d)** फाइलें निर्देशानुसार निम्न क्रम में व्यवस्थित हैं -
1 साख की फाइल
2 यात्रा की फाइल
3 बोनस की फाइल
4 वेतन की फाइल
5 नियुक्ति की फाइल
6 बिजली की फाइल
7 सम्मेलन की फाइल
अतः वेतन के ऊपर की फाइले क्रमशः बोनस, यात्रा, साख के क्रम में हैं।

**56. कौन सी फाइलें सबसे ऊपर या सबसे नीचे हैं?**

(a) साख एवं बोनस (b) साख एवं यात्रा
(c) बिजली एवं साख (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (d)** सबसे ऊपर की फाइल –साख, सबसे नीचे की फाइल – सम्मेलन। व्याख्या प्रश्न संख्या 55 की देंखे।
जबकि आयोग ने (b) सही बताया है।

**57. 'प्रतिष्ठा', 'बदनामी' से उसी प्रकार सम्बद्ध है, जिस प्रकार 'ख्याति (यश)',____ से है।**

(a) यशस्वी (b) श्रेष्ठता
(c) अपकीर्ति (अपयश) (d) विद्वान्

**Ans : (c)** ''प्रतिष्ठा'' का विलोम बदनामी'' है ''ख्याति (यश)'' का विलोम अपकीर्ति (अपयश) है।

**58. प्राण-संचरण, जीवन तथा जीवित से मिलता-जुलता कौन-सा शब्द है?**

(a) नश्वरता/मरणशीलता/घातकता
(b) क्रियाशील होना
(c) विद्यमान होना/अस्तित्व रखना
(d) जीवनशक्ति

**Ans : (c)** प्राण-संचरण, जीवन तथा जीवित से मिलता जुलता शब्द ''विद्यमान होना'' या ''अस्तित्व रखना'' है।

**59. अन्य तीनों से भिन्न शब्द कौन-सा है?**

(a) संविधि (b) अध्यादेश
(c) विनियम (d) हानि (अन्याय)

**Ans : (d)** संविधि, अध्यादेश, विनिमय सभी संविधान में प्रयुक्त शब्दावली है जबकि 'हानि' नुकसान को प्रदर्शित करता है और यह एक परिणाम होता है। अतः इनसे भिन्न है।

**60. कौन-सा अक्षर-समूह श्रृंखला से मेल नहीं खाता?**

(a) lno (b) cfe
(c) gji (d) orq

Ans : (a)

3 6 5
c f e
+3 -1

7 10 9
g j i
+3 -1

15 18 17
o r q
+3 -1

9 14 15
l n o
+5 +1

अतः lno श्रृंखला से अलग है।

## भाग-III : सामान्य जानकारी

**61. हवा में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रधान रूप में विद्यमान है?**

(a) आर्गन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

**Ans : (c)** हवा गैसों का मिश्रण है–जिसमें गैसों की मात्रा निम्नवत् है–

| | | |
|---|---|---|
| नाइट्रोजन | – | 78.08% |
| ऑक्सीजन | – | 20.95% |
| आर्गन | – | 0.93% |

कार्बन डाई ऑक्साइड – 0.033% आदि गैसे उपस्थित है अतः (c) सही है।

**62. ऋग्वेद में निम्नलिखित में से किस देवता की सर्वाधिक महत्ता का वर्णन है?**

(a) वरुण (b) इंद्र
(c) अग्नि (d) शिव

**Ans : (b)** ऋग्वेद प्राचीनतम वेद है, जिसमें 1028 सूक्त 10,462 ऋचायें है। ऋग्वेद के पढ़ने वाले ऋषियों को होतृ कहते है। इसमें सर्वाधिक वर्णन इन्द्र का है, इन्द्र के लिए 250 तथा अग्नि के लिए 200 ऋचाओं की रचना की गयी है।

**63. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी कहाँ स्थित है?**

(a) हैदराबाद (b) देहरादून
(c) नई दिल्ली (d) इलाहाबाद

**Ans : (a)** सरदार बल्लभ भाई पटेल **राष्ट्रीय पुलिस अकादमी,** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय राष्ट्रीय संस्थान है। यह अकादमी **हैदराबाद** में स्थित है। अकादमी की स्थापना 15 सितम्बर 1948 को की गयी थी। आई.पी.एस. अधिकारियों के लिए पुलिस विषयों पर पाठ्यक्रम का संचालन करने हेतु यह **ओस्मानिया** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है।

**64. निम्नलिखित मे से किस भारतीय पुरातन ग्रंथ में अपराध और अपराधी का जिक्र आता है?**

(a) अर्थशास्त्र (b) मनुस्मृति
(c) न्याय-मीसांसा (d) उपर्युक्त सभी

**Ans : (d)** अर्थशास्त्र, मनुस्मृति, न्यायमीमांसा, सभी ग्रंथों में अपराध और अपराधी का जिक्र आता है।

**65. हमारे राज्य में 1090 को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) हेल्प लाइन (b) वुमेन हैल्प लाइन
(c) वुमेन पावर लाइन (d) चाइल्ड केयर लाइन

**Ans : (c)** 1090 → वुमेन पावर लाइन
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु शुरू किया गया है।

**66. घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा हेतु अधिनियम कब लागू किया गया?**

(a) 2006 (b) 1989
(c) 2005 (d) 2007

**Ans : (a)** महिलाओं की घरेलू हिंसा से सुरक्षा हेतु संसद द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 लाया गया। लेकिन यह 26 अक्टूबर, 2006 से लागू किया गया।

■ यह अधिनियम जम्मू-कश्मीर राज्य में लागू नहीं है जम्मू कश्मीर राज्य का अलग अधिनियम जम्मू-कश्मीर महिलाओं की घरेलू अहिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2010 है।

**67. भगवान बुद्ध की 200 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है-**

(a) कुशीनगर में (b) सारनाथ में
(c) श्रावस्ती में (d) बामियान में

**Ans : (a)** कुशीनगर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विश्व में सबसे ऊँची (200 feet) की भगवान बुद्ध की कांस्य प्रतिमा उनके परिनिर्वाण स्थल कुशीनगर में स्थापित करने का निर्णय लिया है।

**68. गोकुल पुरस्कार सम्बन्धित है–**

(a) कृषि उत्पादन में बढ़ावा देने से
(b) दुग्ध उत्पादन में सहकारिता को बढ़ावा देने से
(c) खेलकूद से बढ़ावा देने से
(d) बागवानी में बढ़ावा देने से

**Ans : (b)** दुग्ध उत्पादन में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ''गोकुल पुरस्कार'' देती है।
इस पुरस्कार में प्रथम आने वाले लाभार्थी को 2 लाख रुपये जबकि द्वितीय को 15000 रुपये तथा तृतीय को 51000 रुपये दिये जाने का प्रावधान है इसके साथ प्रतीक के रूप में गाय और बछड़े की शील्ड प्रदान की जाती है।

**69. भारत और पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता कब हुआ था?**

(a) 1966 (b) 1962
(c) 1965 (d) 1971

**Ans : (a)** ताशकंद समझौता, भारत और पाकिस्तान के बीच एक शान्ति समझौता है जो 10 जनवरी, 1966 को भारत-पाक युद्ध 1965 के दौरान किया गया। ताशकंद समझौता-ताशकंद में किया गया जो अब उज्बेकिस्तान में है।

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा पुर्तगाली उपनिवेश नहीं था?**

(a) बम्बई (b) हुगली
(c) मछलीपट्टनम (d) चौल

**Ans : (c)** मछली पट्टनम – पुर्तगाली उपनिवेश नहीं था। बल्कि यह डचों का उपनिवेश था। अन्य सभी पुर्तगाली उपनिवेश है। अन्य पुर्तगाली उपनिवेश–दीव, दमन, बासिन, बाम्बे गोवा, कन्नोर, कालीकट कोचीन, कोलम्बा, गैले, मतारा, ट्रिंक मेल, नागपट्टम आदि।

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा 'ज्ञान' के सिद्धान्त पर बल देता है?**

(a) योग दर्शन (b) वेदान्त दर्शन
(c) सांख्य दर्शन (d) उपनिषद्

**Ans : (d)** उपनिषद हिन्दू धर्म का महत्वपूर्ण श्रुति ग्रंथ है। ये वैदिक वांग्मय के अभिन्न भाग है। इसमें परमेश्वर, परमात्मा ब्रह्म और आत्मा के स्वभाव और संबंध का बहुत ही दार्शनिक और ज्ञानपूर्ण वर्णन किया गया है। दुनिया के कई दार्शनिक उपनिषद् को सबसे अच्छा **ज्ञानकोश** मानते हैं। ये संस्कृत से जुड़े हैं 17वीं सदी में **दाराशिकोह** ने उपनिषदों का फारसी अनुवाद कराया था।

**72. जम्मू और कश्मीर राज्य का वर्तमान उप-मुख्यमंत्री कौन है?**

(a) निर्मल कुमार सिंह (b) महबूबा मुफ्ती
(c) बली भगत (d) पवन गुप्ता

**Ans : (a)** प्रश्नकाल के समय निर्मल कुमार सिंह जम्मू और कश्मीर राज्य के उपमुख्यमंत्री है। इनका संबंध भारतीय जनता पार्टी से है।

**73. भारत का प्रथम चल-पुलिस थाना कहाँ पर कार्यरत है?**

(a) होशियारपुर (b) इलाहाबाद
(c) वाराणसी (d) अहमदाबाद

**Ans : (a)** होशियारपुर (पंजाब) भारत का प्रथम चल पुलिस थाना है। यह थाना वहाँ के नागरिकों को उनके घर जा कर सेवा प्रदान करता है।

**74. एक मेगाबाइट कितने के बराबर होती है?**

(a) 1024 गीगाबाइट (b) 1000 बाइट
(c) 1024 किलोबाइट (d) 1024 टेराबाइट

**Ans : (c)** 1 Byte = 8 बिट
1 किलोबाइट = 1024 बाइट
1 मेगाबाइट = 1024 किलोबाइट
1 गीगाबाइट = 1024 मेगाबाइट
1 टेराबाइट = 1024 गीगाबाइट

**75. नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक गुंटेर ग्रास किस देश के थे?**

(a) स्पेन (b) फ्रांस
(c) जर्मनी (d) ब्राजील

**Ans : (c)** गुण्टर ग्रास 1999 में साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के विजेता थे जो जर्मनी के थे। 13 अप्रैल, 2015 को उनका देहान्त हो गया। उनका महत्वपूर्ण उपन्यास "द टिन ड्रम" 1959 में प्रकाशित हुआ था।

**76. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने अन्ततोगत्वा मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप सिंह के पुत्र राणा अमर सिंह से एक समझौता किया?**

(a) शाहजहाँ
(b) अकबर
(c) जहाँगीर
(d) किसी भी मुगल शासक ने ऐसा नहीं किया

**Ans : (c)** महाराणा अमर सिंह महाराणा प्रताप के पुत्र थे, जहाँगीर द्वारा करवाये गये कई आक्रमण में विफल हुए, अंत में खुर्रम ने मेवाड़ पर अधिकार कर लिया। अमर सिंह हारकार बाद में जहाँगीर से अपमानजनक संधि कर ली। ये मेवाड़ के अंतिम शासक थे।

**77. 'समाजवादी पेंशन योजना' से किस वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे?**

(a) सामान्य वर्ग के गरीब परिवार
(b) अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब परिवार
(c) अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब परिवार
(d) उपर्युक्त सभी

**Ans : (d) समाजवादी पेंशन योजना–**
यह पेंशन योजना सभी वर्गों के लिए है।
- इस योजना में अनुसूचित जाति/जनजाति के 12 लाख, अल्पसंख्यक समुदाय के 10 लाख और अन्य पिछड़ा वर्ग के 18 लाख गरीब परिवार लाभान्वित होंगे।
- लाभार्थी को पहले साल 500 रु. प्रतिमाह तथा उसके बाद प्रतिवर्ष 50 रु की वृद्धि प्रतिमाह की जाएगी और 650 रु. हो जाने पर यह नियत हो जाएगा।

**78. हमारे राज्य की सरकार ने वित्तीय वर्ष 2015-16 को किस वर्ष के रूप में घोषित कर रखा है?**

(a) तकनीकी वर्ष (b) विकास वर्ष
(c) किसान वर्ष (d) स्वच्छता वर्ष

**Ans : (c)** `2015-16' - किसान वर्ष
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 2015-16 को किसान वर्ष घोषित किया है।

**79. 'गरीबी हटाओं' का नारा किस पंचवर्षीय योजना काल में दिया गया था?**

(a) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (b) तृतीय पंचवर्षीय योजना
(c) चौथी पंचवर्षीय योजना (d) छठवी पंचवर्षीय योजना

**Ans : (d)** छठी पंचवर्षीय योजना (1980-85 ई.) निवेश मॉडल पर आधारित थी। इस योजना के दौरान गरीबी हटाओं का नारा दिया गया जबकि निर्धनता उन्मूलन पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974 - 78 ई.) में दिया गया था।

**80. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) कावेरी नदी : मैसूर का पठार
(b) ताप्ती नदी : बेतूल का पठार
(c) सोन नदी : पेन्ड्रा का पठार
(d) गोदावरी नदी : ट्रिम्बाक का पठार

**Ans : (a)** कावेरी नदी -पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरि पर्वत से निकली है। यह कर्नाटक तमिलनाडु में बहने वाली एक सदानीरा नदी है। जबकि अन्य सही सुमेलित है।